दिन– मंगलवार दिनांक– 26 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय जल आयोग ने गंगा नदी के जलस्तर में पटना और भागलपुर सहित अन्य स्थानों पर तेजी से हो रही बढ़ोतरी के मद्देनजर बाढ़ का आरेंज अलर्ट जारी किया।

02. नालंदा जिले की लोकायन नदी का तटबंध टूटने से हिलसा प्रखंड की छह पंचायतें बाढ़ की चपेट में। जहानाबाद और गया जिले में भी बाढ़ की स्थिति।

03. निर्वाचन आयोग ने कहा–एस आई आर के तहत बिहार में अब तक निन्यानवे दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हुए। दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने के लिए सात दिन शेष।

04. और, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज आईआईटी पटना के बारहवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

———————————————————

केंद्रीय जल आयोग ने प्रदेश में गंगा नदी के जलस्तर में पटना और भागलपुर सहित अन्य स्थानों पर तेजी से हो रही बढ़ोतरी को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है। आयोग ने कई क्षेत्रों में बाढ़ को लेकर चेतावनी जारी की है। जल आयोग ने अपने विशेष बुलेटिन में कहा है कि गंगा नदी का जल स्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान को पार कर गया है। ऐसे में लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। आयोग ने कहा है कि पटना के गांधी घाट और हाथी दह में नदी का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। आज सुबह भागलपुर के आजमाबाद और कहलगांव में नदी का जलस्तर खतरे के निशान के आस–पास दर्ज किया गया है। आयोग ने कहा है कि गंगा बेसिन की अन्य नदियों में भी उफान की स्थिति है। खगड़िया में कोसी नदी के जलस्तर मे बलतारा में और कटिहार के कुरसेला में भी तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आयोग ने कहा है कि पुनपुन नदी का जलस्तर अरवल जिले के किंजर में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, पटना जिले में ही पुनपुन नदी का जलस्तर श्रीपालपुर में खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। सोन नदी के जलस्तर में भी तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है और रोहतास जिले के यदुनाथपुर में यह खतरे के निशान से करीब एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया।

———————————————————

पड़ोसी राज्य झारखंड में भारी बारिश के कारण नालंदा, जहानाबाद और गया जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से जनजीवन बूरी तरह प्रभावित

हुआ है। नालंदा का हिलसा प्रखंड और गया का बोधगया बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित है। प्रशासन द्वारा लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। इधर, जहानाबाद जिले के कई क्षेत्रों में बाढ़ से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। समय पर राहत नहीं मिलने से लोगो में आक्रोश भी है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

जहानाबाद के कई पंचायत अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। आलमपुर, चौनपुरा, अमैन और पंडुई समेत कई पंचायतों के घरों और रास्तों में पानी भर जाने से दैनिक जीवन मुश्किल हो गया है। खेतों में खड़ी फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इधर, समय पर राहत नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रशासन ने लोगों को जल्द समस्या के निदान का आश्वासन दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

गया जिले से होकर गुजरने वाली नदियों में भारी उफान से कई क्षेत्रों में बाढ़ का संकट उत्पन्न हो गया है। बोधगया प्रखण्ड की बसारी पंचायत में मुहाने नदी उफान पर है। इसके कारण  बतसपुर, छाछ, घोंघरिया, मोराटाल गांव में बाढ़ का पानी फैल गया है। प्रभावित लोगों ने स्कूलों में शरण ले रखी है। जिलाधिकारी शशांक शुभांकर ने बाढ़ प्रभावित इलाको का निरीक्षण किया और लोगों तक तुरंत राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इधर, अभियंताओं की टीम क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत कार्य में जुटी है। इधर, नालंदा जिले की लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से हिलसा प्रखंड की छह पंचायतें बाढ़ की चपेट में आ गयी है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

जिले के हिलसा अनुमंडल के एकंगरसराय, हिलसा और करायपरसुराय प्रखंड के आधा दर्जन पंचायत से गुजरने वाली लोकायन नदी में हिलसा के तीन पंचायत के अधिकांश गांव के घरों में बाढ़ का पानी अभी भी घुसा हुआ है। बाढ़ में फंसे लोगों के लिए प्रशासन के द्वारा सूखे राशन का वितरण किया जा रहा है। एकंगरसराय प्रखंड के लाला विगहा, और हिलसा प्रखंड के धुरी विगहा के पास लोकायन का तटबंध टूटने से हिलसा के कुल छह पंचायत बाढ़ के चपेट में आ गया है। धुरी बिगहा गांव के पास तटबंध में कटाव होने से हिलसा प्रखंड के रेंडी, चिकसौरा, मिर्जापुर,योगीपुर ,असाढ़ी, कोरावां पंचायत के दर्जनों गांव बाढ़ के चपेट में है। जिससे घरों में पानी घुस गया है और कई मुख्य सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

इधर, कैमूर जिले में कर्मनाशा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से रामगढ़, दुर्गावती और नुआंव प्रखंडों के कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मौसम विभाग ने कहा है कि आज प्रदेश के पश्चिम–उत्तर पूर्व और दक्षिण–मध्य भाग के जिलों में एक–दो स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान रोहतास, गया और औरंगाबाद जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया के खिजरसराय में सबसे अधिक उनहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्रदेश में अब तक निन्यानवे दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हो गए हैं। वहीं, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने के लिए अभी सात दिन शेष हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार दस्तावेजों की दैनिक संग्रह दर एक दशमलव छह–चार प्रतिशत है। एक सितंबर तक की समय सीमा निर्धारित होने के बावजूद, केवल शून्य दशमलव आठ–नौ प्रतिशत मतदाताओं ने अभी तक अपने दस्तावेज़ जमा नहीं किए हैं। आयोग ने कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों की मदद से चलाया जा रहा यह संग्रह अभियान निर्धारित समय से पहले पूरा होने की उम्मीद है। आयोग ने पुष्टि की है कि प्रेदश में एसआईआर प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। पात्रता दस्तावेजों के सत्यापन सहित दावों और आपत्तियों पर सभी निर्णय पच्चीस सितंबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। तीस सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

————————————————————————————————

आईआईटी पटना का बारहवां दीक्षांत समारोह का आयोजन आज होगा। दीक्षांत समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे, जबकि गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय बतौर विशिष्ट अतिथि विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करेंगे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर टी एन सिंह ने बताया कि इस बार का दीक्षांत समारोह काफी अनूठा होगा क्योंकि पहली बार डुएल डिग्री और हाइब्रिड पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। कुल एक हजार तीन सौ बीस विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

———बाईट———

वहीं, दीक्षांत समारोह के बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पटना के ज्ञान भवन में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————————

राजगीर में उनतीस अगस्त से शुरू हो रही एशिया कप पुरुष हॉकी चौंपियनशिप की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह चौंपियनशिप मेजर ध्यायचंद को समर्पित है, जिनका जन्म दिवस उनतीस अगस्त है। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कल नई दिल्ली में एशिया कप हॉकी ट्रॉफी का अनावरण किया। इस अवसर पर खेल मंत्रालय के सचिव हरि रंजन राव, पूर्व ओलम्पियन जफर इकबाल, अशोक ध्यानचंद और बिहार खेल विभाग के निदेशक महेन्द्र कुमार मौजूद थे। इधर, चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय टीम पटना पहुंच गयी है। पटना के पाटलिपुत्र स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स में आयोजित

संवाददाता सम्मेलन में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि टीम की तैयारी पूरी है और लक्ष्य शानदार प्रदर्शन करना है।

———बाइट———

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हॉकी को प्रमोट करने के लिए तीस और इकतीस अगस्त को राज्य के कई गांवों में दौरा करेंगे।

—————————————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने कहा कि राजगीर खेल परिसर एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि पुरुषों की एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप से बिहार को खेल आयोजन के मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और नई पहचान मिलेगी।

———बाईट———

—————————————————————————————

राज्य के तीन शिक्षकों को इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें किशनगंज के सुहागी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी निधि, सुपौल के ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार और सैनिक स्कूल नालंदा के डॉक्टर प्रमोद कुमार शामिल हैं। इधर, शिक्षक दिलीप कुमार ने पुरस्कार के लिए चुने जाने पर लोगों का अभार प्रकट किया है।

———बाईट———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन शिक्षकों को सम्मानित करेंगी।

—————————————————————————————

हरतालिका तीज का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए उपवास और पूजा–अर्चना करती हैं। इधर, आज ही मिथिला में चौठ चंद्र का पर्व भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व में संध्या काल में महिलाएं रोहिणी सहित चन्द्रमा की पूजा–अर्चना करती हैं। विभिन्न प्रकार के पकवान और फलों को उत्सर्ग कर चन्द्रमा को अर्घ्य समर्पित किया जाता है। इधर, इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बधाई दी है।

—————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– राजस्व महाअभियान के दौरान हड़ताल पर डटे रहने के मामले में एक सौ दस राजस्वकर्मी बर्खास्त।

दैनिक जागरण ने पटना में अटल पथ पर हंगामा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बच्चों की मौत के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर भड़के लोग। मंत्री के काफिले पर पथराव। दैनिक भास्कर लिखता है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना शहर की विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। मेट्रो शहरों जैसा विकसित होगा पटना। एक हजार छप्पन करोड़ रूपये खर्च होंगे। प्रभात खबर का शीर्षक है– एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम पटना पहुंची। आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने हरतालिका तीज पर्व की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केंद्रीय जल आयोग ने गंगा नदी के जलस्तर में पटना और भागलपुर सहित अन्य स्थानों पर तेजी से हो रही बढ़ोतरी के मद्देनजर बाढ़ का आरेंज अलर्ट जारी किया।

02. नालंदा जिले की लोकायन नदी का तटबंध टूटने से हिलसा प्रखंड की छह पंचायतें बाढ़ की चपेट में। जहानाबाद और गया जिले में भी बाढ़ की स्थिति।

03. निर्वाचन आयोग ने कहा–एस आई आर के तहत बिहार में अब तक निन्यानवे दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हुए। दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने के लिए सात दिन शेष।

04. और, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज आईआईटी पटना के बारहवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।